Title: Need to provide adequate funds to Government of Uttaranchal to repay dues outstanding aginst the sugarcane growers in the State.

डा. महेन्द्र सिंह पाल (नैनीताल) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तरांचल में सहकारी गन्ने की फैक्टरी को काफी घाटा हुआ है। उत्तरांचल नया राज्य है। उत्तरांचल सरकार द्वारा घाटे की पूर्ति के लिए केन्द्रर सरकार से लगभाग 80 करोड़ रुपए का कर्जा मांगा तथा उसके लिए गारंटी भी दी है, परन्तु केन्द्र सरकार के कृि मंत्रालय द्वारा यह धनराशि अभी तक नहीं दी गई है। जिसके कारण राज्य सरकार को किसानों का भुगतान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा फैक्टरियों को सुधार व ठीक करने में कठिनाई आ रही है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तरांचल राज्य द्वारा मांगी गई कर्जे की धनराशि तुरंत देने का कट करें।